# छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड

**प्रधान कार्यालयः ऑफिस कैम्पस, ब्लॉक 7 (A)सेक्टर–24, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**
**CIN - U01135CT2001SGC014669, Website-http://rvvn.cgstate.gov.in,**
**E-mail- vanvikasnigam@yahoo.comGSTN - 22AACCC2857LAZF**


क्र. / वविनि / 03 / 2022 / 903 नवा रायपुर / दिनांक 13 / 05 / 2022

## विज्ञप्ति

**विषयः—** **छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम में सहायक परियोजना क्षेत्रपाल की सीधी भर्ती में चयन के संबंध में ।**

—00—

विषयांतर्गत, छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लि. नवा रायपुर में सहायक परियोजना क्षेत्रपाल पद पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन दिनांक 29.10.2021 के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक 02.01.2022 को आयोजित परीक्षा का परिणाम सी.जी. व्यापम के वेब साइट पर अपलोड किया गया है । उक्त परीक्षा परिणाम के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों (Shortlisted Candidates) की सूची एवं सहायक परियोजना क्षेत्रपाल के पद पर सीधी भर्ती हेतु भर्ती नियम एवं चयन प्रक्रिया की नियमावली भी वन विकास निगम के वेबसाइट rvvn.cgstate.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है ।

चयन सूची के आधार पर सहायक परियोजना क्षेत्रपाल की भर्ती में द्वितीय चरण की परीक्षा में अभ्यर्थी उपस्थित होवें । इस परीक्षा में निम्नानुसार तिथियों में मूल अभिलेखों की जाँच एवं जिला मेडिकल बोर्ड, पंडरी, रायपुर के समक्ष शारीरिक मापदण्ड का परीक्षण तथा शारीरिक क्षमता परीक्षण होगा । परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम निम्नानुसार है –

| चयनित अभ्यर्थियों की सूची के अनुक्रमांक | दिनांक | परीक्षा का विवरण | समय |
|---|---|---|---|
| 1 से 60 तक के अभ्यर्थियों हेतु | 07.06.2022 | दस्तावेज परीक्षण एवं मेडिकल फिटनेस परीक्षण | प्रातः 10:30 बजे से |
| | 08.06.2022 | पैदल चाल परीक्षण | प्रातः 5:30 बजे से |
| 61 से 119 तक के अभ्यर्थियों हेतु | 08.06.2022 | दस्तावेज परीक्षण एवं मेडिकल फिटनेस परीक्षण | प्रातः 10:30 बजे से |
| | 09.06.2022 | पैदल चाल परीक्षण | प्रातः 5:30 बजे से |

1. चयनित अभ्यर्थियों की सूची के अनुक्रमांक 01 से 60 तक तथा 61 से 119 तक के अभ्यर्थी तालिका में नियत परीक्षा तिथि एवं समय पर उपस्थित होंगे ।
2. अभ्यर्थी उपरोक्त दिनांक को प्रातः 10:30 बजे छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम, प्रधान कार्यालय ऑफिस कैम्पस, ब्लॉक 7(A) सेक्टर–24, नवा रायपुर, अटल नगर में उपस्थित होवें। कार्यालय में सहायक परियोजना क्षेत्रपाल के पद पर सीधी भर्ती हेतु भर्ती नियम एवं चयन प्रक्रिया की नियमावली के अनुसार उनके निम्नलिखित मूल प्रमाण पत्रों की जाँच की जावेगी। अभ्यर्थी मूल अभिलेखों में स्थायी निवास, आयु, शैक्षणिक अर्हता, जाति, आय, नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अभ्यर्थी के संबंध में अन्य प्रमाण पत्र जो भी लागू हो अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगें । मूल अभिलेखों की 02 स्व सत्यापित छायाप्रति भी लावें ।

   मूल अभिलेखों के जाँच उपरांत अभ्यर्थी का मेडिकल फिटनेस परीक्षण जिला मेडिकल बोर्ड पंडरी, रायपुर में होगा । अभ्यर्थी जिला बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करें। उम्मीदवारों को जिला बोर्ड से मेडिकल परीक्षण कराने के पूर्व बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करानी होती है। नमूना जांच आदि में यदि कोई शुल्क देय है, तो उसका वहन अभ्यर्थी स्वंय करेगें। मेडिकल परीक्षण उपरांत निर्धारित प्रपत्र में प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रधान कार्यालय, कार्यालय नवा रायपुर (छ.ग.) को प्रस्तुत करें।
3. अर्हकारी पैदल चाल परीक्षण के लिये प्रातः 5:00 बजे **श्री सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल, नवा रायपुर** के मुख्य द्वार के पास उपस्थित होवें । पैदल चाल परीक्षण प्रातः 5:30 बजे प्रारंभ होगी । निर्धारित समय पर उपस्थित न होने की दशा में अभ्यर्थी को अतिरिक्त अवसर की पात्रता नहीं होगी । पैदल चाल परीक्षण में पुरूष उम्मीदवारों को 25 कि.मी. एवं महिला उम्मीदवारों को 14 कि.मी. पैदल चाल अधिकतम 04 घंटे में पूर्ण करना होगा।
4. अभ्यर्थी अपने साथ व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र, आधार कार्ड की प्रति एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज कलर फोटोग्राफ लेकर आवें।
5. अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा जा रहा है, शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु संलग्न चयन सूची अनुसार यदि किसी अभ्यर्थी को बुलावा पत्र प्राप्त नहीं होता है, तब भी वे उपरोक्तानुसार उपस्थित होवें ।

**छ.ग. राज्य वन विकास निगम**

13/05/22

**प्रबंध संचालक**